# हिन्दू नववर्ष पर मातृशक्तियों ने निकाली वाहन रैली

## कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके हुईं शामिल, सनातन धर्म की जगाई अलख





**मंडला, देशबन्धु।** हिन्दू नव वर्ष के शुभ अवसर पर सनातन धर्मोत्सव परिवार के द्वारा मातृशक्तियों की वाहन रैली आयोजित की गई। रविवार की दोपहर 4 बजे मातृशक्तियां राजीव कॉलोनी स्थित मां दुर्गा मंदिर में एकत्रित हुई जहां पर पूजन पाठ के साथ हवन किया गया। काशी विश्वनाथ गुरूकुल के आचार्य भीमदेव के द्वारा हवन कराया गया और हिन्दू देवी देवताओं को आमंत्रित कर इस महारैली को शांति पूर्ण सम्पन्न कराने आव्हान किया गया। यहां पर कैबिनेट मंत्री श्रीमति सम्पतियां उईके पहुंची जिन्होंने भगवान श्रीराम के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण करते हुए रैली का शुभारंभ कराया। कैबिनेट मंत्री रैली में महिलाओं के साथ जयघोष करते हुए शामिल हुई। इस दौरान महिलाएं भगवा वस्त्र एवं पगड़ी धारण कर भगवा ध्वज लहराते हुए जय श्री राम का जय घोष करती नजर आईं। रैली राजीव कॉलोनी से नेहरू स्मारक पहुंची जहां पर कैबिनेट मंत्री सम्पतियां उईके के आवास पर स्वागत किया गया। इसी के साथ रेडक्रॉस में नगर पालिका उपाध्यक्ष अखिलेश कछवाहा एवं साथियों ने रैली का स्वागत किया। उदय चौंक में स्वागत उपरांत रैली बस स्टैंड होते हुए लालीपुर स्थित दुर्गा मंदिर पहुंची जहां पर मातृशक्तियों ने मां दुर्गा का पूजन किया। इस अवसर पर मातृशक्तियों को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि नारी शक्ति की यह मिशाल हमेशा बनीं रहेगी उन्होंने कहा कि यह परम्परा अब निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने धर्मोत्सव परिवार के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना की है। रैली में लगभग 200 से अधिक महिलाएं शामिल रहीं। रैली की मीडिया प्रभारी पूजा ज्योतिषी ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में धार्मिक-सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाना, उनकी सामाजिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना और सनातन संस्कृति के संरक्षण को बढ़ावा देना है।

# श्रृद्धा भक्ति के साथ मनाया चेट्रीचंड महोत्सव





## वाहन रैली, आरती, पूजा, अरदास और शोभायात्रा के साथ हुए आयोजन

**मंडला, देशबन्धु।** सिंधी समाज के इष्ट देव वरुण अवतार भगवान श्री झूलेलाल सांई का जन्म दिवस चेटी चांद महोत्सव के रूप में सिंधी समाज के द्वारा भक्ति भाव से मनाया गया, पूज्य सिंधी पंचायत,सिंधु नवयुवक मंडल एवं मातृशक्ति संगठन के द्वारा विविध आयोजन किए गए, आयोजन की श्रृंखला में एक सप्ताह पहले गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ आरंभ किया गया , पंडित रानूनाथ शर्मा की मौजूदगी में भगवान श्री झूलेलाल सांई जी का जल अभिषेक किया गया, तत्पश्चात झूलेलाल सांई जी का श्रृंगार किया गया,श्री गुरुद्वारा साहिब में भजन कीर्तन, आरती, पूजा के साथ सभी परिवारों की सुख शांति के लिए अरदास की गई,सामाजिक जनों के द्वारा इस अवसर पर नाच गायन करते हुए जन्मोत्सव की बधाइयां दी गईं, साप्ताहिक पाठ का भोग का कार्यक्रम संपन्न हुआ, सामाजिक जनों के द्वारा गुरु ग्रंथ साहिब पर चोला चढ़ाया गया। इस अवसर पर सामाजिक सदस्यों की मौजूदगी में भाई साहब हरनाम उदासी के द्वारा पल्लव पूजा का कार्यक्रम संपन्न हुआ, तत्पश्चात आम लंगर का आयोजन किया गया।

**वाहन रैली का जगह जगह हुआ स्वागत** - सुबह सामाजिक जनों के द्वारा विशेष ड्रेस कोड के साथ वाहन रैली निकाली गई जिसका जगह-जगह स्वागत किया गया। वाहन रैली शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए पुनः गुरुद्वारा साहिब में विराम ली, रैली भगवान झूलेलाल सांई के जयकारों के साथ गुंजायमान रही, वाहन रैली का आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया।जगह जगह स्वागत में स्वल्पाहार का आयोजन भी किया गया, वाहन रैली में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल हुए।

**भगवान श्री झूलेलाल की झांकी के साथ निकली शोभायात्रा**- सायंकाल में श्री बहिराणा साहब का पूजन अर्चन किया गया एवं विशाल शोभायात्रा निकाली गई, भगवान झूलेलाल,संत कंवर राम एवं महापुरुषों की आकर्षक झांकियां से सुसज्जित बैंड बाजे सहित विशाल शोभायात्रा गुरु के जयकारों के साथ गुंजायमान रही, शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत सत्कार किया गया।

## सार-समाचार

### चर्चा में पिंडरई की पुलिस

**मंडला, देशबन्धु।** जिले में पुलिस प्रशासन की कार्यशैली से नागरिक संतुष्ट नहीं है देखा यह जा रहा है कि खासकर पुलिस की कार्य शैली से मंडला जिले के नागरिक अत्यंत नाराज हैं इसके बावजूद भी शासन प्रशासन द्वारा पुलिस की कार्यशैली को सुधारने के लिए कोई सही प्रयास नहीं किया जा रहे हैं यही वजह है कि कुछ ऐसा ही कारनामा मंडला जिले की तहसील नैनपुर के पुलिस.उप थाना पिंडरई की पुलिस कर रही है इस संबंध में संपूर्ण मंडला जिले में पिंडरई पुलिस चर्चा का विषय बनी हुई है पुलिस उप थाना प्रभारी एवं ए एस आई टेमर के संरक्षण में उनके अधीनस्थ क्षेत्र में सट्टा जुआ शराब का अवैध कारोबार खुले आम किया जा रहा है।

इनके संबंध में चर्चा चल रही है कि यह दोनों मिलकर अवैध कारोबार को पूरा संरक्षण प्रदान कर रहे हैं उनके ही संरक्षण में पिंडरई उपथाना क्षेत्र अंतर्गत भारी मात्रा में शराब का अवैध कारोबार गांव-गांव किया जा रहा है सट्टा का कारोबार चरम सीमा पर पहुंच गया है पेट्रोल डीजल सरे आम किराना दुकानों से विक्रय किया जा रहा है ऐसे अनेक काम है जो इन दोनों के संरक्षण में इस क्षेत्र में चल रहे हैं इन दोनों को तत्काल हटाना जरूरी हो गया है इन दोनों को हटाने की मांग काफी लंबे समय से की जा रही है लेकिन अभी तक शासन प्रशासन द्वारा इन्हें हटाने की कार्यवाही नहीं की गई है जिससे नागरिकों में नाराजगी दिनों दिन बढ़ती जा रही है इन दोनों को तत्काल हटाया जाए ऐसी जन अपेक्षा है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत

**डिंडोरी, देशबन्धु।** डिंडोरी में रविवार को नर्मदा डेम घाट पर जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत हुई। सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते और शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे समेत जनप्रतिनिधियों ने मां नर्मदा की पूजा-अर्चना कर ध्वज स्थापित किया। सांसद कुलस्ते ने कहा- भविष्य में जल संकट गंभीर हो सकता है। इसी को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गंगा सहित अन्य नदियों की सफाई और जल संवर्धन के लिए अलग मंत्रालय बनाया है।

उन्होंने कहा कि जल स्रोतों को संरक्षित करना हर नागरिक का कर्तव्य है। विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने चिंता जताई कि अमरकंटक के बाद डिंडौरी पहला नगर है, जहां नर्मदा सबसे ज्यादा प्रदूषित हो रही है। घाट के ऊपर नगर के गंदे नाले मिल रहे हैं। उन्होंने पंडितों से आग्रह किया कि वे लोगों को जागरूक करें। पूजा सामग्री को नदी में डालने के बजाय खेतों में डालें, जिससे जमीन भी उपजाऊ बनेगी।कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रुदेश परस्ते, भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू नेताम, नपा अध्यक्ष सुनीता सारस समेत कई नेता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। सभी ने स्वच्छता और जल संवर्धन की शपथ ली। साथ ही पुराने जल स्रोतों के संरक्षण का संकल्प लिया।

### वैश्य दिवस पर निकाली वाहन रैली




**मंडला, देशबन्धु।** जिला इकाई द्वारा वैश्य महासम्मेलन के सदस्यों द्वारा दिनांक 30 मार्च चौत्र नवरात्रि के प्रथम दिन वैश्य दिवस मनाया गया। स्थानीय गायत्री मंदिर से वाहन रैली निकालकर नगर भ्रमण करते हुए पड़ाव में रैली का समापन हुआ। आयोजन के प्रभारी इंद्रेश बब्बल खरया के नेतृत्व में हुआ आयोजन। जिसमें वैश्य महासम्मेलन के सभी जिला इकाई के सदस्य उपस्थित रहे। मातृशक्तियों ने की सहभागिता। भगवा ध्वज लेकर मंडला नगर भ्रमण कर हिंदू नववर्ष गुडी पड़वा पर एकजुट होकर निकाली गई वाहन रैली।

# हमें अपनी परंपराओं और संस्कृति से जुड़े रहना होगा : कुशराम

## आरडी कॉलेज में विक्रमोत्सव का हुआ आयोजन



**मंडला, देशबन्धु।** चैत्र प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 नव संवत्सर पर विक्रमोत्सव का आयोजन आरडी कॉलेज के ऑडिटोरियम हॉल में किया गया। कोटि सूर्योपासना के इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम ने कहा कि विक्रम संवत हम भारतीयों का अपना कैलेंडर है। हमें अपनी परंपराओं और संस्कृति से जुड़े रहना होगा। हमारी सभी प्रकार की तिथियों और मुहूर्त की गणना विक्रम संवत कैलेंडर के अनुसार ही की जाती हैं। सम्राट विक्रमादित्य हमारे इतिहास का गौरव रहे हैं। मध्यप्रदेश की सरकार अपनी संस्कृति और परंपराओं से लोगों को जोड़े रखने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, ऐसे आयोजन हमें गौरवान्वित करते हैं। इस अवसर पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कूमट, अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह, एसी ट्रायबल श्रीमती वंदना गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े, जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती अम्बेश्वरी बैरागी, सरपंच बड़ी खैरी श्रीमती सीमा गोंटिया, विभागीय अधिकारी एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन एवं ब्रम्हध्वज लगाकर की गई।

इसके बाद लोक राग समिति जबलपुर के कलाकारों द्वारा सम्राट विक्रमादित्य के जीवनवृत पर लघुनाटिका का प्रदर्शन किया जिसका उद्देश्य लोगों को सम्राट विक्रमादित्य के जीवन से परिचित कराना था। एसी ट्रायबल श्रीमती वंदना गुप्ता ने विक्रमोत्सव कोटि सूर्योपासना कार्यक्रम के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि सूर्योपासना के साथ-साथ आज उज्जैन के महाकाल मंदिर के शिखर पर ब्रम्हध्वज लगाया गया। साथ ही सारे प्रमुख मंदिरों एवं संस्थाओं में ब्रम्हध्वज लगाकर विक्रमोत्सव मनाया जा रहा है।

# देवगांव संगम में जल गंगा जल संवर्धन अभियान का आयोजन



**मंडला, देशबन्धु।** मोहगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत देवगांव संगम में जनपद स्तरीय जल गंगा जल संवर्धन अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जल संरक्षण के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना और ग्रामीणों को जल संवर्धन के कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में जिला सदस्य शिव पूसाम, जनपद अध्यक्ष गतसिंह भवेदी, सहायक यंत्री, उपयंत्री, उप सरपंच, पंच और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। देवगांव संगम घाट पर आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने जल संवर्धन और जल संरक्षण के अंतर्गत किए जाने वाले विभिन्न कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को जल के महत्व से अवगत कराया और उन्हें इन कार्यों में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने भी जल संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई और अभियान को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# हाईकोर्ट के जस्टिस संजीव सचदेवा का कलेक्टर-एसपी ने किया आत्मीय स्वागत



**मंडला, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के जस्टिस संजीव सचदेवा का अल्प प्रवास पर मंडला आगमन हुआ। सर्किटहाउस में कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा ने जस्टिस श्री संजीव सचदेवा का पौधा भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। औपचारिक मुलाकात के बाद अधिकारी द्वय द्वारा जस्टिस को मंडला की सुप्रसिद्ध गोंड़ी पेंटिंग भी भेंट की गई। इस दौरान जिला प्रधान न्यायाधीश कमल जोशी, विशेष न्यायाधीश आरके रावतकर, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, तहसीलदार मंडला हिमांशु भलावी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# मंडला में क्रेता-विक्रेताओं की बैठक का आयोजन किसानों को मिला सीधे बाजार से जुड़ने का अवसर

**मंडला, देशबन्धु।** बोरलॉग इंस्टीट्यूट फॉर साउथ एशिया (बिसा) द्वारा जलवायु अनुकूल कृषि परियोजना के तहत 28 मार्च 2025को कृषि विज्ञान केंद्र मंडला , में क्रेता-विक्रेता बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में किसानों और खरीदारों को सीधे बातचीत करने और कृषि उत्पादों की उचित कीमतों पर बिक्री करने का अवसर मिला।

**बैठक का उद्देश्य**- किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य दिलाना। बिचौलियों की भूमिका को कम करना। किसानों को बाजार से सीधे जोड़ना। बैठक में अनाज की बिक्री के लिए किसानों और खरीदारों के बीच सीधी बातचीत हुई। किसानों को उचित मूल्य और बेहतर बाजार पहुंच सुनिश्चित करने के तरीकों पर चर्चा की गई। बिचौलियों के प्रभाव को कम करने के उपायों पर विचार किया गया।

**विशेषज्ञों के विचार**- परियोजना समन्वयक डॉ. पंकज कुमार ने कहा कि इस बैठक का उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना और उन्हें बाजार से सीधे जोड़ना है। उन्होंने कहा कि इस तरह की बैठकें किसानों की आय बढ़ाने और कृषि में स्थिरता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

**किसानों की प्रतिक्रिया**- किसानों ने इस बैठक को उनके लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बताया। उन्होंने कहा कि वे अपनी उपज को सीधे खरीदारों को बेचकर अधिक लाभ कमा सकते हैं। उन्होंने इस तरह की बैठकों के आयोजन के लिए बोरलॉग इंस्टीट्यूट फॉर साउथ एशिया (बिसा) को धन्यवाद दिया। क्रेता-विक्रेता बैठक किसानों और खरीदारों के बीच एक सफल आयोजन रहा। इस बैठक ने किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने और उन्हें बाजार से सीधे जोड़ने में मदद की। इस तरह की बैठकें किसानों की आय बढ़ाने और कृषि में स्थिरता लाने के लिए आवश्यक हैं। यह भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि बैठक में भाग लेने वाले किसानों और खरीदारों दोनों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों की उम्मीद जताई। सहायक उपसंचालक कृषि विभाग डी के वासकारे ए डी ए माया हिर्के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. के बी सहारे बोरलॉग संस्थान दक्षिण एशिया परियोजना समन्वयक अधिकारी डॉ पंकज कुमार सहायक कृषियंत्रकी प्रियंका मसराम एवं भावना मारवी कृषि विस्तार अधिकारी आरवी पटेल आत्मा परियोजना के अधिकारी एटीएम मोहित गोलवानी उपस्थित रहे।

# पात्र दिव्यांगों और वरिष्ठजनों को दिए जाएंगे सहायक उपकरण-कृत्रिम अंग

## एक से 9 अप्रैल तक आयोजित होंगे परीक्षण शिविर

**मंडला, देशबन्धु।** भारत सरकार की एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजनांतर्गत मंडला जिले के पात्र दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों को नि:शुल्क सहायक उपकरण व कैलीपर्स एवं कृत्रिम अंग प्रदाय किये जाने हैं। रामनगर किले में सहायक उपकरण व कृत्रिम अंग प्रदाय करने हेतु कैम्प लगाया जायेगा। दिव्यांगजनों के लिए कृत्रिम अंग तथा सहायक उपकरण चिन्हांकन के लिए आगामी एक अप्रैल से 9 अप्रैल तक शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार नगरपालिका मंडला, जनपद पंचायत मंडला एवं नगर परिषद बम्हनी बंजर के लिए शिविर का आयोजन जनपद पंचायत मंडला में एक अप्रैल को होगा। जनपद पंचायत नैनपुर व नगरपालिका नैनपुर के लिए जनपद पंचायत नैनपुर में 2 अप्रैल, जनपद पंचायत मोहगांव एवं जनपद पंचायत घुघरी के लिए शिविर का आयोजन जनपद पंचायत मोहगांव में 3 अप्रैल तथा नगर परिषद निवास एवं जनपद पंचायत निवास के लिए शिविर का आयोजन जनपद पंचायत निवास में 4 अप्रैल को किया जायेगा। इसी प्रकार जनपद पंचायत मवई में 7 अप्रैल को, जनपद पंचायत बिछिया एवं नगर परिषद बिछिया के लिए अंजनिया में 8 अप्रैल को एवं जनपद पंचायत नारायणगंज व बीजाडांडी के लिए जनपद पंचायत बीजाडांडी में 9 अप्रैल को शिविर आयोजित किये जायेंगे।

**शिविर में दस्तावेजों के साथ उपस्थित हों हितग्राही**- एडिप योजना के लाभार्थी मूल्यांकन परीक्षण शिविर में अपने साथ यूडीआईडी कार्ड, आय प्रमाण पत्र अथवा बीपीएल राशन कार्ड, आवासीय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, अनिवार्य रूप से अपने साथ रखेंगे।

इसी तरह राष्ट्रीय वयोश्री योजनांतर्गत पात्र वरिष्ठजन अपने साथ बीपीएल राशन कार्ड, मनरेगा जॉबकार्ड, इंदिरागांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना या राष्ट्रीय सामाजिक कार्यक्रम अथवा राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश की किसी अन्य पेंशन योजना के तहत बीपीएल श्रेणी से संबंधित वरिष्ठ नागरिकों के लिए वृद्धावस्था पेंशन प्राप्त करने का प्रमाण अथवा बीपीएल श्रेणी के अलावा अन्य वरिष्ठ नागरिक जिनकी सभी स्त्रोतों से मासिक आय रूपए 15 हजार से कम हो वह राजस्व विभाग, माननीय सांसद, विधायक अथवा ग्राम प्रधान द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र साथ लेकर उपस्थित हों।

### जिले के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में एक अप्रैल से लागू होगा नया मैन्यु




**डिंडोरी, देशबन्धु।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के निर्देशानुसार जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए पूरक पोषण आहार योजना के तहत नया मेनू तैयार किया गया है, जो 01 अप्रैल से जिले में लागू होगा। नया मूने में बच्चों को स्थानीय उपलब्धता के आधार पर संतुलित आहार प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें आवश्यक प्रोटीन और कैलोरी मिल सके। उक्त नया मेनू से बच्चों को प्रतिदिन 15-20 ग्राम प्रोटीन एवं 500 कैलोरी प्राप्त होगी, जिससे उनके शारीरिक और मानसिक विकास में सहायता मिलेगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग डिंडौरी ने कहा कि इस मेनू से बच्चों में पोषण स्तर में सुधार होगा और उन्हें बेहतर स्वास्थ्य मिलेगा।